[25] Seat No. ___________ No. of printed pages : 02

SARDAR PATEL UNIVERSITY
B. A. External (II Semester) EXAMINATION
Monday, 01st April 2019
10.00 a.m. to 1.00 p.m.
UA02CHLT03 : आधुनिक हिन्दी काव्य (काव्य कलश)

कुल गुण : ७०

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : कोई भी तीन। (१५)

(१) ''स्नेह भरा जलता है झिलमिल मेरा यह दीपक मन रे।
मेरे दृग के तारक में नव उत्पल का उन्मीलन रे।
धूप बने उड़ते जाते हैं, प्रतिपल मेरे स्पन्दन रे।
प्रिय प्रिय जपते अधर, ताल देता पलकों का नर्तन रे।''

(२) ''मृदु मिट्टी के हैं बने हुए, मधुघट फूटा ही करते हैं।
लघुजीवन लेकर आये हैं, प्याले टूटा ही करते हैं।
फिर भी मदिरालय के अन्दर, मधु के घट हैं, मधु प्याले हैं।

(३) ''दुःख नहीं कोई कि अब उपलब्धियों के नाम पर,
और कुछ हो या न हो, आकाश-सी छाती तो है।''

(४) ''स्वयं सुसज्जित करके क्षण में।
प्रियतम के प्राणों के प्रण में,
हमीं भेज देती है रण में -
क्षात्र-धर्म के नाते
सखि ने मुझ से कहकर जाते।''

(५) ''नहीं बजती उसके हाथों में कोई वीणा,
नहीं होता कोई अनुराग-राग-आलाप,
नूपुरों में भी रूनझुन-रूनझुन नहीं,
सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा ''चुप, चुप, चुप''
है गूँज रहा सब कहीं-''

प्र.२ 'सखि वे मुझे कहकर जाते' कविता का मूल भावार्थ लिखिए। (२०)

अथवा

प्र.२ टिप्पणी लिखिए। (२०)

(१) 'सरस्वती-वंदना' कविता में व्यक्त राष्ट्रप्रेम।
(२) 'क्या पूजा क्या अर्चन रे' कविता का मूल कथ्य।

प्र.३ पठित कविताओं के आधार पर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। (२०)

अथवा

प्र.३ टिप्पणी लिखिए। (२०)

(१) 'गुलमोहर के लिए' ग़ज़ल का मर्म।

(२) 'संध्या सुन्दरी' कविता में निरूपित प्रकृति।

प्र.४

(अ) टिप्पणी लिखिए : **कोई भी एक।** (०८)

(१) अभिधा शब्दशक्ति।

(२) 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' कविता में व्यक्त राष्ट्रभावना।

(३) 'बीते दिन कब आने वाले' में व्यक्त वेदना।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं सात** के अतिसंक्षिप्त उत्तर लिखिए। (०७)

(१) मैथिलिशरण गुप्त का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(२) छायावाद के चार आधारस्तंभ कवियों के नाम लिखिए।

(३) महादेवी वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(४) निराला की छायावादी रचनाओं के नाम दर्शाइये।

(५) 'साये में धूप' ग़ज़ल-संग्रह किसका है?

(६) शब्दशक्ति के मुख्य प्रकार कितने हैं?

(७) उपमा अलंकार किसे कहते हैं?

(८) छायावाद के आदिकवि कौन है?